तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 3 अप्रैल 2026

11 हनुमान जन्मोत्सव पर नगर में निकाली ...



11 भागवत कथा में श्रीकृष्ण रुक्मिणी विवाह के...





## खबर संक्षेप

### खल्लारी में ध्रुव गोंड समाज का शपथ ग्रहण आज

**सुहेला।** खल्लारी महाकालेश्वर महासभा कुथरौद बलौदाबाजार के आश्रय में चक ध्रुव गोंड समाज रानीजरौद परिक्षेत्र का शपथ ग्रहण समारोह 3 अप्रैल को दोपहर 2 बजे खल्लारी मंदिर प्रांगण सुहेला में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर समाज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं मंत्री मंडल के पदाधिकारी विधिवत शपथ ग्रहण करेंगे। अध्यक्ष टाप लाल ध्रुव, कोषाध्यक्ष रामचंद्र ध्रुव, दीवान लोकनाथ मण्डावी, महामंत्री आशाराम सोरी, सलाहकार बंशीलाल नेताम, सचिव चंद्रमणि ध्रुव एवं समाजसेवक संतोष ध्रुव शपथ लेंगे। कार्यक्रम में महासभा के अध्यक्ष भागबली ध्रुव, उपाध्यक्ष तिरिथ मरकाम, गोंड़ खपरी चक के अध्यक्ष शत्रुहन नेताम, बोईरडीह चक के अध्यक्ष हेमलाल नेताम सहित रानीजरौद क्षेत्र के समस्त राय पंच एवं डीहवारों की उपस्थिति में शपथ ग्रहण संपन्न होगा। समाज के पदाधिकारियों ने क्षेत्र के सभी समाजजनों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

### आदिवासी ध्रुव गोंड समाज की बैठक कल

**भाटापारा।** आदिवासी ध्रुव गोंड समाज मावली महासभा सिंगारपुर महासभा की एक दिवसीय बैठक 4 अप्रैल को रखी गई है। उपरोक्त जानकारी मावली महासभा के अध्यक्ष बंशीलाल नेताम ने दी।

### पुरानी बात को लेकर मारपीट

**महासमुंद।** परसकोल के व्यक्ति के साथ पुरानी बातों को लेकर मारपीट किए जाने के मामले में दो आरोपियों के विरूद्ध सिटी कोतवाली में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को गंगाराम बरिहा निवासी परसकोल ने बताया कि एक अप्रैल की रात गांव में कीर्तन के संबंध में मीटिंग रखा गया था। जब वह वापस लौट रहा था तब बैगापारा चौक के पास पुरानी बातों को लेकर चिंटू साहू ने गाली गलौज शुरू कर दी। जिसे सुनकर पुरूषोत्तम साहू ने भी आकर चिंटू साहू के साथ एक राय होकर गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट किया। मामले में दो आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है।

### कपड़ा दुकान और च्वॉइस सेंटर में चोरी



**महासमुंद।** नगर के एक दुकान और च्वाईस सेंटर में हुई चोरी के मामले में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध सिटी कोतवाली में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को अभय राज लूनिया जैन पिता देवराज लूनिया ने बताया कि उसकी देवचंद फैशन के नाम से दुकान रायपुर रोड महासमुंद में स्थित है। 31 मार्च की रात लगभग 3 बजे उसकी दुकान से अज्ञात चोर ने नगद 40 हजार रुपए नगद की चोरी कर ली, साथ कैश बाक्स को लेकर चले गए। इसके अलावा उसकी दुकान के सामने लक्ष्मी च्वाईस सेंटर मालिक मोहन यादव के दुकान में भी इसी दरमियान अज्ञात चोरो के द्वारा 60,000 रुपए की चोरी की गई। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### बाइक चालक के कब्जे से देसी मसाला शराब जब्त

**महासमुंद।** रेलवे फाटक बेलसोंडा के पास कोतवाली पुलिस ने एक बाइक चालक के कब्जे से देशी मसाला शराब जब्त कर आरोपी के विरूद्ध कार्रवाई की। पुलिस ने सूचना मिलने पर आरोपी इरफान खान पिता यूसुफ खान (21 साल) निवासी वार्ड नं0 03 स्टेशन पारा महासमुंद के कब्जे से 50 पौवा देशी मशाला शराब कीमत 5000 रुपए रुपए और एक बाइक को बरामत कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

## पहल : आदिवासी ध्रुव गोंड समाज ने ई-रिक्शा पर निकाली बारात, दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

# सामूहिक विवाह में 25 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

हरिभूमि न्यजू ⏭ अर्जुनी

आदिवासी समाज की समृद्ध परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के उद्देश्य से आदिवासी ध्रुव गोंड समाज के तत्वावधान में ग्राम गुर्रा जोगीदीप में 31 मार्च को 25 जोड़ा का सामूहिक विवाह हुआ। सर्वप्रथम सामाजिक पंड़ा पुजारी लोकेश मंडावी, सोनचंद ध्रुव द्वारा पूजा हवन का कार्य आदिवासी संस्कृति और पूर्वजों द्वारा स्थापित परंपराओं के अनुसार कराया गया। इसके बाद दूल्हा-दुल्हन को छोड़कर परिवार के अन्य लोग और महिलाएं बाजे गाजे के साथ हल्दी और पूजा समान के साथ जोगीदीप के ही पवित्र स्थान पर चुलमाटी के लिए गये, जहां से पवित्र मिट्टी लाकर मंडप या चूल्हा बनाया गया। यह रस्म छत्तीसगढ़ी संस्कृति में प्रकृति और आस्था को दर्शाती हैं। बारात को सुंदर और मनमोहक दृश्य बनाने के लिए इस वर्ष भाटापारा के शीतला मंदिर के प्रांगण से जोगी दीप बारात के लिए प्रस्थान हुआ, जहां हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

यह कार्यक्रम टोनाटार चक के अध्यक्ष दौलत कुंजाम एवं समस्त पदाधिकारियों के विशेष सहयोग से हुआ। कार्यक्रम में बिंद्रानवागढ़ विधायक जनक राम ध्रुव, भाटापारा विधायक इंद्र साव, छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज के कार्यकारिणी प्रांताध्यक्ष एवं गुंडरदेही के पूर्व विधायक राजेंद्र राय, भाटापारा नगर पालिका परिषद अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, जिला पंचायत सदस्य राजा जायसवाल, अमर मंडावी आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय समन्वयक गणेश सिंह ध्रुव, जनपद उपाध्यक्ष भोला वर्मा, सर्व आदिवासी समाज के पूर्व प्रांताध्यक्ष भरत सिंह ठाकुर, फूलसिंह नेताम गोंडवाना केंद्रीय महासभा मुंगेली के अध्यक्ष वीरेन्द्र मरावी,, ग्राम पंचायत गुर्रा सरपंच गंगा, गोवर्धन ध्रुव, अर्जुनी सरपंच कविता भगेला ध्रुव, खमरिया सरपंच पारस यादव, बिलासपुर जिला अध्यक्ष लव सिदार, भारत साहू, अश्वनी पाल, मनु लाल यादव, अयोध्या यादव, पुरुषोत्तम साहू, छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति शासकीय विकास संघ रामबगस नेताम, श्याम ध्रुव, गजेंद्र कतलम, अमर सिंह ठाकुर, सीताराम नेताम, बालाराम नेताम, हीरालाल ध्रुव, लोकेश मांडवी, नंदकुमार ध्रुव एवं समस्त ग्राम प्रमुख के विशेष उपस्थिति एवं सहयोग से संपन्न हुआ।



### फिजूलखर्ची पर रोकना और समानता का संदेश

इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य फिजूलखर्ची को रोकना और आर्थिक समानता लाना है। इसमें आर्थिक रूप से सम्पन्न और गरीब, दोनों ही वर्ग के परिवार शामिल होते है। और इस साल बारात के लिए इलेक्ट्रानिक रिक्शा का उपयोग किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य वातावरण को प्रदूषण रहित बनाने का संदेश देना है क्योंकि प्रकृति हमारे जीवन का आधार है। यह हमें जीवन देने वाली माता है जो हमेशा हमारा देखभाल करती हैं और हमारा कर्तव्य बनता है कि हम अपने प्रकृति का सम्मान करे और सुरक्षित रखें।

## आदिवासी कंवर समाज के वार्षिक सम्मेलन में तीन जोड़ों का सामूहिक विवाह



**बलौदाबाजार।** नारायणपुर धाम में आदिवासी कंवर (पैकरा) समाज का तीन दिवसीय वार्षिक महासम्मेलन 31 मार्च से 2 अप्रैल तक आयोजित किया गया। इस दौरान सामाजिक एकता, परंपराओं और सांस्कृतिक धरोहर का जीवंत प्रदर्शन देखने को मिला।

▪ एकजुटता और नशामुक्त जीवन अपनाने का संदेश

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा गोलू जायसवाल उपस्थित रहीं। उन्होंने आदिवासी समाज की एकजुटता की सराहना करते हुए कहा कि आदिवासी संस्कृति और रीति-रिवाज छत्तीसगढ़ की अमूल्य धरोहर हैं, जो प्रदेश को वैश्विक स्तर पर विशिष्ट पहचान दिलाते हैं। उन्होंने समाज के लोगों को एकजुट रहकर कार्य करने तथा नशामुक्त जीवन अपनाने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन भी किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रथम नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष नंद कुमार साय, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन साहू, मोरध्वज पैकरा सहित समाज के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में सामाजिक सदस्य उपस्थित थे।

### रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों हुआ

महोत्सव के अंतर्गत समाज द्वारा तीन जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न कराया गया, जो कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रहा। साथ ही रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें आदिवासी संस्कृति को नृत्य एवं पारंपरिक गीतों के माध्यम से सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया गया। सम्मेलन में समाज से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर गंभीर चर्चा करते हुए सामाजिक कुरीतियों को दूर करने हेतु कई महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए गए।

# स्थानांतरण के बावजूद महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता ने नहीं संभाला पदभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गिरसानाला



सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिलाईगढ़ के अन्तर्गत उप स्वास्थ्य केन्द्र पीरदा में कुमारी इंका साहू महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता को उप स्वास्थ्य केंद्र गोपालपुर से उप स्वास्थ्य केन्द्र पीरदा स्थानांतरण हो गया था। शासन के आदेश का आज तक पालन नहीं किया गया है। जबकि संलग्नीकरण के तहत उप स्वास्थ्य केन्द्र गोपालपुर में एक वर्ष तक ड्यूटी कर चुकी है।

▪ सरपंच, उपसरपंच और ग्रामीणों ने कलेक्टर से कार्रवाई की मांग

ज्ञात हो कि उप स्वास्थ्य केन्द्र पीरदा वनांचल क्षेत्र है और यहां की आबादी लगभग 6000-7000 हजार है, जिसमें गर्भवती माताओं, शिशु वाटिका माताओं की देखभाल के लिए के लिए दूर दूर के बाहर के अस्पताल जाना पड़ता है, जिसमें गरीबों को आर्थिक बोझ का सामना करना पड़ता है। समय अधिक लगता है। प्रसव महिला एवं इमरजेंसी मरीजों को समय पर दूर के अस्पताल नहीं पहुंचे पर जान का भी खतरा बना रहता है।

जानकी पटेल सरपंच ग्राम पंचायत पिरदा एवं चित्ररेखा यादव उप सरपंच ग्राम पंचायत गेड़ा पाली व ग्रामीणों ने कलेक्टर संजय कनौजे से मांग की है कि कुमारी इंका साहू महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता को उप स्वास्थ्य केन्द्र पीरदा भेजे। एफ आर निराला जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ से मोबाईल से संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि कर्मचारियों के संलग्नीकरण निरस्त करने आदेश को मैं बी एम ओ बिलाईगढ़ के लिए भेज दिया हूं, वही पता लगाइए।

श्री शशी कुमार खण्ड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिलाईगढ़ से मोबाईल मे संपर्क करने पर बताया की मैं अभी बाहर हूं।

### निषाद समाज का आदर्श विवाह और रंगमंच लोकार्पण आज

**सुहेला।** केंवट निषाद समाज खल्लारी राज सुहेला द्वारा 3 अप्रैल को आदर्श विवाह एवं रंगमंच लोकार्पण समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम राम जानकी मंदिर परिसर, निषाद समाज खल्लारी में संपन्न होगा। इस आयोजन में तीन जोड़ों का आदर्श विवाह संपन्न कराया जाएगा तथा नव निर्मित रंगमंच का लोकार्पण भी किया जाएगा। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं समाज प्रमुखों की विशेष उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा शामिल होंगी। वहीं अध्यक्षता पूर्व विधायक प्रमोद कुमार शर्मा करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अदिति वधमार द्वारा की जाएगी। विशेष अतिथि के रूप में जिला ▸▸ शेष पेज 10 पर

# शादी समारोह में मारपीट करने वाले तीन युवक और एक नाबालिग गिरफ्तार

हरिभूमि न्यजू ⏭ भाटापारा

ग्राम दतरेंगी में बांस के डंडा से मारपीट कर गंभीर चोट पहुंचाने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसमें विधि से संघर्षरत एक बालक भी शामिल है। डीजे में नाचने के दौरान वाद विवाद की बात को लेकर आरोपियों द्वारा एक हो कर मारपीट की घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने प्रेमलाल उर्फ बजरंगी वर्मा 22 वर्ष, कोहिनूर वर्मा 18 वर्ष, टुकेश्वर वर्मा 19 वर्ष निवासी सभी ग्राम दतरेंगी निवासी और एक विधि से संघर्षरत बालक शामिल हैं।

28 मार्च को प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 27 मार्च को शादी कार्यक्रम में शामिल होने अपने मित्र के साथ ग्राम दतरेंगी आया था। इस दौरान परघनी कर सभी लोग शादी घर की तरफ चले गए। इस दौरान लाइट बंद था, इसी बीच अंधेरे का फायदा उठाकर आरोपियों द्वारा जान से मारने की नीयत से दुर्गेश केवट एवं करण निर्मलकर पर किसी वजनदार वस्तु से वारकर गंभीर चोंट पहुंचाया गया। अंधेरा होने की वजह से आरोपी पहचान में नहीं आए। तत्पश्चात घायलों को उचित इलाज हेतु विभिन्न हॉस्पिटल में भर्ती करायागया। रिपोर्ट पर धारा 109,3(5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



### डीजे की धुन पर नाचने से विवाद और मारपीट

भाटापारा ग्रामीण पुलिस द्वारा जांच एवं विवेचना कार्रवाई करते हुए घटना स्थल का निरीक्षण एवं घटना के दौरान उपस्थित ग्रामवासियों एवं अन्य गांव से पूछताछ के आधार पर विधि से संघर्षरत एक बालक सहित कुल 4 आरोपियों को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर डीजे में नाचने के दौरान मारपीट की बात को लेकर आरोपियों द्वारा एक राय होकर प्रार्थी एवं उसके मित्रों के साथ बांस के डंडा से मारपीट कर गंभीर चोंट पहुंचाना स्वीकार किया गया। कि प्रकरण में सभी आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा गया।

# आबकारी से राजस्व में 33 प्रतिशत की वृद्धि

**बलौदाबाजार।** आबकारी विभाग, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल 427.56 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ है जो गतवर्ष की तुलना मे 33.04 प्रतिशत अधिक है। अवैध शराब के विरुद्ध भी कड़ी कार्यवाही की गई। जिले में 5 नवीन मदिरा दुकान क्रमशः देशी कम्पोजिट मदिरा दुकान लाहोद, देशी कम्पोजिट मदिरा दुकान गिधपुरी, देशी कम्पोजिट मदिरा दुकान करहीबाजार, देशी कम्पोजिट मदिरा दुकान हथबंद एवं प्रीमियम विदेशी मदिरा दुकान भाटापारा आबकारी विभाग द्वारा संचालित की जा रही है।इन दुकानों के संचालन से आबकारी विभाग को अतिरिक्त राजस्व प्राप्त हुआ ▸▸ शेष पेज 10 पर

▪ अवैध शराब के विरुद्ध 746 प्रकरण दर्ज, 18 वाहन जब्त

# अवैध खनन व परिवहन पर सख्ती की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे ने कलेक्टर से शिष्टाचार भेंट कर जिले में संचालित अवैध गतिविधियों के संबंध में ध्यान आकृष्ट कराया। इस दौरान उनके साथ शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रवीण सेन, ग्रामीण कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक साहू, नीरज बांधे, लखेश साहू एवं अनु.जा. जिला अध्यक्ष जीतेन्द्र नवरत्न भी उपस्थित थे।

▪ कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर से की मुलाकात

भेंट के दौरान कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने जिले में अवैध रूप से चुना, पत्थर, रेत एवं इमारती लकड़ी के परिवहन तथा क्रशरों द्वारा निर्धारित सीमा से अधिक खनन और खुदाई किए जाने के मामलों पर चिंता जताई। प्रतिनिधिमंडल ने इन गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

### चेक पोस्ट नियमित जांच की उठाई आवाज

जिला अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे ने बताया कि इस प्रकार की अवैध गतिविधियों से शासन को राजस्व की हानि हो रही है और पर्यावरणीय संतुलन भी प्रभावित हो रहा है। उन्होंने अवैध परिवहन पर रोक लगाने के लिए चेक पोस्टों की निगरानी को सुदृढ़ करने तथा क्रशर एवं खनन कार्यों की नियमित जांच सुनिश्चित करने का आग्रह किया। कलेक्टर ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश देकर चेक पोस्टों की व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा। साथ ही अवैध परिवहन और खनन पर नियंत्रण के लिए सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## परिषद बैठक में लिए महत्वपूर्ण निर्णय

# आवास निर्माण के लिए भवन अनुज्ञा और स्वीकृत नक्शा वितरित

हरिभूमि न्यजू ⏭ पलारी




नगर पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत नगर के 30 पात्र हितग्राहियों को आवास निर्माण के लिए भवन अनुज्ञा एवं स्वीकृत नक्शा वितरित किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू, उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा,मुख्य नगर पालिका अधिकारी मनोज बंजारा, इंजीनियर, सभापति एवं पार्षदगण सहित कर्मचारी एवं हितग्राही उपस्थित रहे। इसी क्रम में नगर पंचायत परिषद की बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें नगर विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा कर निर्णय लिए गए। बैठक में लगभग 2 करोड़ रुपये के विकास कार्यों के दर अनुमोदन के साथ परिषद पथ निर्माण के लिए सहमति प्रदान की गई।

इस अवसर पर सभापति नेमसिंह बांधे, लेखु वर्मा, कुमार धीवर, प्रतिभा धीरहे, पार्षदगण नारायण धीवर, लुकेश्वरी निषाद, मंजू देवांगन, सुभाष वर्मा, राधा वर्मा,भूषण ठेठवार, डोमार वर्मा, रवि ध्रुव,सीएमओ मनोज बंजारा, इंजीनियर पोखन साहू, लेखापाल भोजराम साहू सहित नगर के हितग्राही छेदीलाल साहू, महेंद्र वर्मा, टोनेंद्र वर्मा, शिवदयाल साहू, तिलक राम साहू, विष्णु प्रसाद धीवर, कौशिक वर्मा, रामलाल साहू, पतिराम सेन, प्रेमबाई साहू, प्रेमलाल साहू,भगोला राम वर्मा, भीमनारायण रजक, पितराम सेन, बल्दू राम वर्मा, अनिल कुमार वर्मा, देवकुमार टंडन, सुखवती वर्मा, कृष्णकुमार गायकवाड़, संतोष कुमार यादव, स्वीलीलाल, मनोज कुमार वर्मा, जगमोहन यादव, रामाधार धृतलहरे, भोजराम चतुर्वेदी, भागीरथी जायसवाल, गजेन्द्र देवांगन, रवि कुमार गुप्ता एवं खेमनलाल चन्द्राकर उपस्थित थे।

### पर्यावरण संरक्षण के लिए दिया संदेश

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्ष गोपी साहू ने हितग्राहियों को आवास निर्माण के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। उन्होंने प्रत्येक हितग्राही से कम से कम एक पेड़ लगाने का आग्रह किया तथा जल संरक्षण के महत्व को बताते हुए घरों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अपनाने की अपील की, जिससे भविष्य में जल संकट से बचा जा सके।जल संरक्षण को बढ़ावा देने हेतु वार्ड क्रमांक 10, 11, 12 एवं 14 को वॉटर हार्वेस्टिंग के लिए चिन्हांकित किया गया। वहीं आगामी ग्रीष्म ऋतु में संभावित पेयजल संकट को देखते हुए सभी वार्डों में टैंकरों के माध्यम से नियमित जल आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया।

## खबर संक्षेप

### राज्यपाल रमेन डेका आज सरायपाली प्रवास पर

**महासमुंद।** महामहिम राज्यपाल रमेन डेका शुक्रवार 3 अप्रैल 2026 को सरायपाली प्रवास पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वे सुबह 9 बजे राजभवन रायपुर से प्रस्थान करेंगे तथा दोपहर 12 बजे सर्किट हाउस सरायपाली में प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक लेंगे। बैठक के पश्चात राज्यपाल डेका सर्किट हाउस सरायपाली से दोपहर 2.30 बजे सर्किट हाउस संबलपुर ओडिशा के लिए प्रस्थान करेंगे।

### चतुर्वेदी की जयंती पर काव्य गोष्ठी कल

**महासमुंद।** पं. माखन लाल चतुर्वेदी की जयंती पर काव्य गोष्ठी ''युद्ध और शांति'' का आयोजन 4 अप्रैल शनिवार सभा प्रांगण पुराना भवन वृंदावन विद्यालय में किया जा रहा है। काव्य गोष्ठी में मुख्य अतिथि प्रोफेसर डा. संजीव कर्मकार वशिष्ठ अध्यक्ष सर्वसमाज समन्वय सभा महासमुंद, प्रदेश सह-संयोजक भारतीय जनता पार्टी छग (शिक्षा प्रकोष्ठ), विशेष आमंत्रित अतिथि एस चंद्रसेन पूर्व उपसंचालक व शिक्षा संभाग रायपुर एवं अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार आनंद तिवारी पौराणिक करेंगे।

### पॉलिटेक्निक में हुई एक दिवसीय कार्यशाला

**महासमुंद।** बरोंडाबाज़ार स्थित शासकीय पॉलिटेक्निक में 2 अप्रैल को आर्डीनो और एंबेडेड सिस्टम विषय पर एक दिवसीय हैंड्स-ऑन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में आर्डीनो प्रशिक्षण किट का उपयोग कर आर्डीनो प्रोग्रामिंग, बेसिक इलेक्ट्रॉनिक्स इंटरफेसिंग, सेंसर और सरल स्वचालन परियोजनाओं का व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया गया। संस्था की प्राचार्य चंद्रिका विश्वकर्मा ने कार्यशाला की उपयोगिता के बारे में बताते हुए कहा कि आर्डीनो नवाचार का एक शक्तिशाली मंच है। इसकी सरलता, लचीलापन और व्यापक अनुप्रयोग इसे आज के समय में स्वचालन और स्मार्ट प्रौद्योगिकियों के उदय के साथ अत्यधिक प्रासंगिक और भविष्य में और भी महत्वपूर्ण बनाते हैं।

## पेज 9 के शेष

### आबकारी से राजस्व ...

है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में अवैध शराब के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत 746 अपराधिक प्रकरण कायम कर 6124.81 बल्क लीटर अवैध शराब, 47730 किलोग्राम लाहन तथा 18 वाहन जप्त किया गया है।नवीन वित्तीय वर्ष 2026-27 में विदेशी मदिरा (चीप रेंज)एवं देशी मदिरा (मसाला एवं प्लेन) के विक्रय दरों में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। माल्ट (बीयर) एवं मीडियम व हाई रेंज के विक्रय दर में बढ़ोत्तरी की गई है।

### निषाद समाज का ...

पंचायत सदस्य ईशान कुमार वैष्णव जनपद पंचायत अध्यक्ष दौलत कुमार पाल उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा भाजपा जिला अध्यक्ष माननीय आनंद कुमार यादव, निषाद समाज जिला अध्यक्ष नारद निषाद, कार्यकारी अध्यक्ष पृथुराम निषाद सहित अनेक गणमान्य नागरिक कार्यक्रम में शामिल होंगे।

# खपरी में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति का शुभारंभ

## अतिथियों ने किसानों को तिलक लगाकर किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर

ग्राम खपरी भ में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों का विधिवत पूजा अर्चना करने के पश्चात उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा मंडल रोहासी व प्राधिकृत अधिकारी विजय कुमार कोसले, विशिष्ट अतिथि सरपंच दिनेश मारकंडे, प्राधिकृत अधिकारी मनहरण वर्मा, मृत वर्मा, नंदू चद्राकर, महेंद्र यदु, पूर्व बैंक अध्यक्ष छगन लाल, पूर्व बैंक उपाध्यक्ष व उपसरपंच मुकेश झा, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष दौलत यादव विधिवत प्रारंभ किया। प्राथमिक कृषि साख समिति अंतर्गत ग्राम खपरी तमोरी, भरुवाडीह, बिजराडीह, बोदा, मोहान आता है।



### धान बेचने तथा खाद-बीज खरीदने दूर नहीं जाना पड़ेगा

विजय कोसले ने कहा कि अब किसानों को दूर जाकर कृषि लोन, खाद, बीज लेने के लिए नहीं जाना पड़ेगा। 12 गांव के किसान धान बिक्री के लिए भवानीपुर केंद्र जाते थे, जिससे बहुत ही परेशानी का सामना करना पड़ता था। सरपंच दिनेश मारकंडे ने कहा अब हमें निश्चित समय पर खाद पैसा प्राप्त होगा, जिससे हमारा समय भी बचेगा। पूर्व बैंक उपाध्यक्ष मुकेश झा ने कहा अब क्षेत्र के किसानों को धान बेचने तथा खाद-बीज खरीदने दूर नहीं जाना पड़ेगा। उनका समय, श्रम और परिवहन खर्च बचेगा। हम सभी किसानों को भाईचारा से नया समिति प्रारंभ हुआ है तो सहयोग देना पड़ेगा ताकि ताकि सुचारू ढंग से कार्यालय संचालित हो।

किसान नेता नेमू नारायण ने कहा कि कई विगत वर्षों से हमारी मांग पूरी हुई। इस अवसर पर प्रभारी प्रबंधक अमित आजाद, खेमराज आडिल, शिवकुमार, कमल, परमानंद निषाद, तोरण नेताम, नारायण घुव, परमानंद निषाद, अमित नेताम, भीखम निषाद, किसान नेता सुख चरण भास्कर, नेमू नारायण घृतलहरे, घसीय राम साहू, प्यारेलाल कोसले, धनराज बारले, दुखू निषाद, गिरजा नंद झा, दौवा राम साहू, किसान दांडेकर, झालू राम कुर्रे, घनश्याम निषाद, शिवकुमार छन्नू लाल, जगदीश ढीढी, ज्योतिष बंजारे आदि क्षेत्र के किसान बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## आर्थिक कुप्रबंधन से बढ़ी महंगाई, आंदोलन की दी चेतावनी

# महंगाई पर कांग्रेस का केंद्र सरकार पर हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



### गैस-पेट्रोल कीमतों को लेकर जताई चिंता

सुश्री धृतलहरे ने कहा कि पेट्रोल-डीजल पर एक्साइज ड्यूटी में कमी को सरकार राहत के रूप में प्रस्तुत कर रही है, जबकि कई राज्यों में पेट्रोल की कीमतों में पुनः वृद्धि दर्ज की जा रही है, जो कुछ स्थानों पर 4 रुपये प्रति लीटर तक पहुंच चुकी है। साथ ही एविएशन फ्यूल की कीमतों में बढ़ोतरी से हवाई यात्रा भी महंगी हो गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि खाद्य तेल, दूध, मावा सहित आवश्यक उपभोग की वस्तुओं के दामों में लगातार वृद्धि से आम आदमी का रसोई बजट पूरी तरह बिगड़ चुका है। खाद्य तेल की कीमतें जहां पहले 70 रुपये प्रति लीटर के आसपास थीं, वहीं अब 200 रुपये के पार पहुंच गई हैं। घरेलू गैस सिलेंडर, जो कभी 400 रुपए महंगा माना जाता था, आज 900 से 1000 रुपए तक पहुंच चुका है।

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में आयोजित प्रेस वार्ता में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे ने केंद्र की मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार के आर्थिक कुप्रबंधन एवं कूटनीतिक विफलताओं के कारण देश में महंगाई लगातार बढ़ रही है, जिससे आम जनता का जीवन कठिन होता जा रहा है।

उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने एक बार फिर कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में लगभग 195 रुपए की वृद्धि की है। पिछले तीन महीनों में ही कमर्शियल गैस के दाम करीब 525 रुपए तक बढ़ चुके हैं। वहीं, घरेलू गैस सिलेंडर के दाम में भी हाल ही में 62 रुपए की वृद्धि कर आम जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाला गया। जिला अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियां केवल चुनिंदा पूंजीपति वर्ग को लाभ पहुंचाने के लिए बनाई जा रही हैं, जबकि आम जनता महंगाई और आर्थिक संकट से जूझ रही है। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार का उल्लेख करते हुए कहा कि उस समय मनरेगा के माध्यम से रोजगार की कानूनी गारंटी दी गई थी, जिसे वर्तमान सरकार ने कमजोर कर दिया है, जिससे गरीबों के अधिकार सीमित हुए हैं और आर्थिक असमानता बढ़ी है। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि देश के संसाधनों और सार्वजनिक उपक्रमों का लाभ भी सीमित वर्ग तक सिमट रहा है। रेलवे टिकट, स्कूल-कॉलेज फीस, बैंक सेवा शुल्क सहित विभिन्न क्षेत्रों में बढ़ते खर्च ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है।

अंत में कांग्रेस ने कहा कि बेलगाम महंगाई अब आम जनता के लिए गंभीर संकट बन चुकी है। पेट्रोल, डीजल से लेकर दैनिक उपयोग की वस्तुओं तक की कीमतों में अप्रत्याशित वृद्धि से लोगों का बजट पूरी तरह बिगड़ गया है। यदि सरकार ने जल्द ठोस कदम नहीं उठाए, तो कांग्रेस पार्टी जनहित में व्यापक आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। प्रेस वार्ता में जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष परमेश्वर यदु, शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रवीण सेन, नीरज बांधे सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# लेखपाल को सेवानिवृत पर दी गई विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में कार्यरत वरिष्ठ लेखपाल ताराशंकर साहू के सेवानिवृत होने पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय एवं छत्तीसगढ़ लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ के तत्वावधान में विदाई का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तारा शंकर साहू थे। अध्यक्षता एनके वर्मा विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने की। विशिष्ट अतिथि दीपक मिश्रा संभाग अध्यक्ष रायपुर छत्तीसगढ़ लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ रहे। सभी वक्ताओं ने उनके सुखद जीवन की कामना की। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ के पूर्व तहसील अध्यक्ष अनिल कुमार पटेल,थानेश्वर चंद्रवंशी, प्रमोद साहू, भोला राम साहू, जिला उपाध्यक्ष प्रमोद साहू, गेंदलाल जायसवाल, जेपी पाठक, देवेंद्र सागर वर्मा, बलराम साहू, महेंद्र वर्मा, गजेंद्र यादव, सूरज वर्मा, टिकेश्वर ध्रुव, शैलेंद्र साहू, यश कुमार शर्मा, नरेंद्र वर्मा, सौरभ, नेपाल दास मानिकपुरी, योगेश साहू, आकाश ध्रुव, टिकेश्वर ध्रुव, वेद कुमार ध्रुव, अयोध्या प्रसाद, दुलौरिन साहू, प्रेम बाई वर्मा, रानू पटेल, रामकुमार निराला, संतोष दास मानिकपुरी आदि उपस्थित थे।

# मानसगान सम्मेलन में वरिष्ठ नागरिकों और महिलाओं का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भैंसा

नवयुवक धार्मिक सत्संग समिति एवं बैहार के तत्वावधान में राज्य स्तरीय तीन दिवसीय संगीतमय श्री राम चरित्र मानसगान व्याख्यान सम्मेलन का आयोजन राम जन्म उत्सव किया गया।

इसमें छत्तीसगढ़ अंचल के ख्याति प्राप्त रामायण मंडलियों मे स्वांतय सुखाय मानस मंडली सीधौरी, श्री राम जानकी बालिका मानस मंडली तादुंला, सोन चिरैया मानस मंडली लभांडी, जय करुणा माई मानस मंडली उमरगांव, जय भारत मानस मंडली दरगहन, जय भोले मानस मंडली रिसदा,राज मानस मंडली आमदी, सरगम महिला मानस मंडली भैंसमुड़ी, मोर मयारू मानस मंडली गुदगुदा, किशन कन्हैया मानस मंडली गोटीटोला, आदि शक्ति मानस मंडली बकतरा, हे शारदे बालिका मानस मंडली रणजीत पुर, पावन धारा मानस मंडली छूहिया, चेतना बालिका मानस मंडली नवागांव, विश्व कल्याण मानस मंडली कंहारपूरी कुल 16 रामायण मानस मंडली ने बैहार के भव्य सुसज्जित मानस मंच पर अपनी प्रस्तुति गायन वादन किया। वही धार्मिक सत्संग समिति बैहार के द्वारा ग्राम के वरिष्ठ नागरिकों मंथीर साहू, जयसिंह साहू, फूल सिंग साहू, भोलाराम साहू, नोहर सिंह साहू, माखन साहू, शिवपाल साहू, पुनीत साहू, बिसेसर साहू, तुलसी राम साहू, विशाल दास मानिकपुरी, विश्वनाथ यादव तथा महिलाओं मे पूर्व सरपंच निर्मला साहू, चपेश्वरी साहू, बीसमत साहू, गिरिजा साहू, कुंती साहू, कुसुम साहू को उत्कृष्ट कार्य के लिए मंच में श्रीराम नाम गमछा श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। साथ ही मंचस्थ सभी मानस मंडलियों को स्व. श्री धन्नू लाल सोनी की स्मृति में श्री ज्वेलर्स के संचालक राजू सोनी द्वारा श्रीराम दरबार का सिल्वर मोमेंटो, शिव जयसिंग साहू द्वारा रामगमछा, मनमोहन गुप्ता द्वारा राम टोकरी, रामकुमार गुप्ता के द्वारा सफेद गमछा तथा धार्मिक सत्संग समिति के द्वारा नगद 2250 रुपए व उपस्थित ग्रामीणों द्वारा नगद राशि मंचस्थ हुए सभी आमंत्रित ख्याति प्राप्त 16 रामायण मंडली को भेंट दिए गए।

# ब्लॉक कांग्रेस ने मनाई स्व. बिसाहू दास महंत की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा



छत्तीसगढ़ महतारी के वीर सपूत एवं संयुक्त मध्यप्रदेश के पूर्व मंत्री स्व. बिसाहू दास महंत की जयंती ब्लाक कांग्रेस कमेटी सिमगा द्वारा श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सुनील माहेश्वरी ने कहा की स्व. बिसाहू दास महंत छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के स्वप्न दृष्टा थे। उन्होंने स्वतंत्रता की लड़ाई में भी भाग लिया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री होने के बाद भी वे सादगी और सरलता के साथ जनसेवा का कार्य किया। इस अवसर पर पंचायत बूथ गठन के जिला प्रभारी कन्हैया अग्रवाल ने कहा कि स्व. महंत का जीवन जनसेवा के लिए समर्पित रहा और उनके आदर्श आज भी हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे ने कहा कि महंत ने हमेशा गरीब, किसान और मजदूरों के हक की लड़ाई लड़ी, इससे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ाना चाहिए। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रिंकू भाटिया ने कहा कि स्व. बिसाहू दास महंत के संघर्षशील व्यक्तित्व को कभी भुलाया नहीं जा सकता उनका जीवन नई पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक है। ब्लॉक प्रभारी उमा अनंत ने कहा कि हमें उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लेना चाहिए। वहीं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता कुबेर यदु ने कहा कि महंत का योगदान छत्तीसगढ़ की राजनीति में सदैव स्मरणीय रहेगा। कार्यक्रम में विवेक अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष भागवत सोनकर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अभिनव यदु, चंदू साहू ,डॉ कृष्ण कुमार नायक, दीनबंधु शर्मा, मो अय्यूब, मोहन गायकवाड, विष्णु कोसले, कुंजराम साहू, गोलू साहू, मंडल अध्यक्ष मांधाता साहू, अशोक देवांगन, हीरालाल साहू, भिखारी गहरे, श्याम देवांगन, शेष साहू, कान्हा यदु, अजीत भट्ट, हेमलाल साहू, लोमन घृतलहरे, मो याकूब, परदेशी सोनकर, कोमल टंडन, ललित देवांगन, यश शर्मा, विक्की मानिकपुरी, विक्की पांडे, कृष्ण कुंजाम, हितेश साहू, लक्की लहरे, दाऊ यदु, मोहन यदु, झाड़ू साहू, लल्लू पाटकर, धनसिंग साहू, दिनेश साहू एवं बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज की बैठक में 13 प्रकरणों का निराकरण



**भरूवाडीह/सैहा/गुमा।** छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज बलौदाबाजार राज की महत्वपूर्ण क्षेत्रीय बैठक बुधवार को ग्राम औंरासी में हुई। राज प्रधान सुनीता वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में बड़ी संख्या में स्वजातीयजन शामिल हुए।

■ कुर्मी समाज की बैठक औंरासी में हुई

बैठक का शुभारंभ प्रातः 10 बजे छत्तीसगढ़ महतारी सहित महापुरुषों—छत्रपति शिवाजी महाराज, लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल, डॉ. खूबचंद बघेल और स्वामी आत्मानंद के छायाचित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर और दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। मीडिया प्रभारी महेश वर्मा ने बताया कि इस बैठक का मुख्य उद्देश्य सामाजिक समन्वय और लंबित मामलों का निपटारा करना था।

बैठक में कुल 18 सामाजिक प्रकरण प्रस्तुत किए गए, जिसमें गहन चर्चा और आपसी सहमति के बाद 13 प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण कर दिया गया। 5 मामलों में संबंधित पक्षकारों की अनुपस्थिति के कारण उन्हें आगामी बैठक के लिए सुरक्षित रखा गया है। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों और बड़ी संख्या में सामाजिक सदस्यों की उपस्थिति रही।

छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज बलौदाबाजार राज की क्षेत्रीय बैठक राज प्रधान सुनीता वर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को स्वजातीयों की बड़ी संख्या में उपस्थिति में औंरासी में प्रातः 10 बजे छत्तीसगढ़ महतारी,महापुरुषों छत्रपति शिवाजी महाराज, लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल, खूबचंद बघेल, स्वामी आत्मानंद की छाया चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित पश्चात दीप प्रज्ज्वलित कर बैठक का शुभारंभ किया गया । बैठक में प्राप्त 18 प्रकरणों में 13 प्रकरणों का निराकरण किया गये, शेष 5 प्रकरणों को पक्षकारों की अनुपस्थिति के कारण आगामी बैठक में सुनवाई सुनिश्चित की गई। उपरोक्त जानकारी मिडिया प्रभारी महेश वर्मा ने दी।

# कांग्रेस की संगठनात्मक बैठक में बूथ व पंचायत कमेटी का गठन



**पलारी।** गुरुवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पलारी अंतर्गत पलारी मंडल की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें संगठन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से बूथ कमेटी एवं पंचायत-वार्ड कमेटियों का गठन किया गया।

बैठक में कार्यकर्ताओं की भागीदारी देखने को मिली और आगामी संगठनात्मक रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक में गठन के प्रभारी गोपी साहू प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि कांग्रेस पार्टी की मजबूती बूथ स्तर से ही तय होती है, इसलिए हर कार्यकर्ता को अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा के साथ निभानी होगी। उन्होंने नवगठित समितियों को सक्रिय होकर जनहित के मुद्दों पर कार्य करने का आह्वान किया। मंडल अध्यक्ष मनीष चंद्राकर ने कहा कि पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए यह गठन एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा हमारा लक्ष्य है कि हर बूथ और हर पंचायत में कांग्रेस की मजबूत उपस्थिति सुनिश्चित हो। सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं और आगामी चुनावों के लिए अभी से तैयार रहे।

बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष रवि बंजारे, नगर पंचायत उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा, पार्षद नेमसिंह बांधे, लेखु वर्मा, नारायण धीवर, माहेश्वरी कुर्रे, लोकेश कन्नौजे, साधराम साहू रज्जू, ऋषि साहू, सुरेश घृतलहरे, घनश्याम वर्मा, डिगेशर बंजारे, शैलेन्द्र बंजारे, हरि कोसले सरपंच लकड़ियि, बिहारी बाघमार, गोवेर्धन यादव, सुल्तान बेग आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बस स्टैंड में पेयजल सुविधा का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हरमी रावन

ग्राम मोहरा के बस स्टैंड परिसर में आमजन एवं यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पेयजल व्यवस्था का शुभारंभ किया गया। इस वर्ष भी जनप्रतिनिधियों द्वारा इस जनहितकारी सुविधा का विधिवत उद्घाटन किया। इस पहल से बस स्टैंड पर आने-जाने वाले लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सकेगा, जिससे विशेष रूप से गर्मी के मौसम में राहत मिलेगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मोहरा सरपंच प्रतिनिधि जवाहरलाल वर्मा, जनपद सदस्य प्रतिनिधि सुखनंदन चेलक, पूर्व सरपंच साधराम नवरेंगे, भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष शिव कटारिया, पूर्व उप सरपंच राजेश कुमार वर्मा एवं पूर्व जनपद सदस्य प्राणनाथ वर्मा उपस्थित रहे।

■ जनप्रतिनिधियों की पहल से की गई है व्यवस्था

पिछले वर्षों की तरह इस वर्ष भी पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित कर जनप्रतिनिधियों ने आमजन की आवश्यकताओं को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इसी प्रकार ग्राम में विकास कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाया जाएगा। कार्यक्रम में प्यारेलाल वर्मा, रमेश कुमार वर्मा, चंद्रिका वर्मा, रामकुमार सरसिहा, विजय वर्मा, कार्तिक राम वर्मा, नम्मू टेलर, राजकुमार वर्मा, सीताराम वर्मा, डॉ. मनोज विश्वास, सचिव नेतराम यादव, रंजीत वर्मा, हेमलाल फेकर सनत दयावान देवेंद्र वर्मा सनत यादव गिरवर वर्मा शंकर यादव टोकेश्वर साहू प्यार साहू एवं संतराम वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### डाइट में खाद्य सुरक्षा एवं स्वास्थ्य जागरुकता पर विज्ञान मेले का आयोजन

**महासमुंद।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) में प्राचार्य के मार्गदर्शन में विज्ञान मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की संयोजक दुर्गा सिन्हा ने कहा कि विज्ञान पढ़ने का नहीं अथवा सीखने का विषय है। अतः इस तरह के आयोजनों से हम बच्चों में कर के सीखने की अभिवृत्ति को विकसित करना चाहते हैं।



**खबर संक्षेप**

## अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन 10 तक

**बलौदाबाजार**। सेना भर्ती के लिए अधिसूचना 13 फरवरी को जारी की गई है। उक्त अधिसूचना भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। सेना भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया अब 10 अप्रैल तक खुली रहेगी। आवेदन अग्निवीर पुरुष जनरल, तकनीकी, लिपिक, स्टोर कीपर, ट्रेड्समैन दसवीं पास, ट्रेड्समैन आठवीं पास, अग्निवीर महिला (सेना पुलिस) तथा स्थाई कैडर नर्सिंग असिस्टेंट वेट और सिपाही फार्मा के पदों के लिए अधिसूचना जारी किया गया है। ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम 01 जून से 10 जून 2026 के मध्य आयोजित होने की संभावना है। उम्मीदवार किसी भी प्रकार की जानकारी अथवा स्पष्टीकरण हेतु अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के नजदीक सेना भर्ती कार्यालय, नया रायपुर के दूरभाष पर सम्पर्क कर सकते हैं।

## हनुमान जन्मोत्सव पर की गई पूजा-अर्चना



**महासमुंद**। ग्राम खरोरा में हनुमान जन्मोत्सव पर पूजा अर्चना की गई। जिसमें महाराज पीला शंकर, झमन चंद्राकर, मनीष जैन, संतोषी, दुर्गा चंद्राकर, जय चंद्राकर आदि मौजूद रहे। इस साल 2 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव का पर्व मनाया गया, जो वानर राज केसरी और अंजना माता के पुत्र हनुमान के जन्म दिवस के रूप में प्रसिद्ध है। रामचरितमानस के सुंदरकांड में हनुमान की भक्ति, शक्ति और बुद्धिमत्ता का विस्तृत वर्णन है, जो चैत्र मास शुक्ल पक्ष पूर्णिमा के दिन हनुमान का जन्म हुआ था और हनुमानजी को कलयुग के जागृत देवता के रूप में देखा जाता है।

### पर्व : हनुमानजी का दर्शन करने सुबह से लगी रही भीड़

# हनुमान जन्मोत्सव पर नगर में निकाली कलश शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

हनुमान जन्मोत्सव 2 अप्रेल को तहसील लवन अंतर्गत ग्राम पंचायत तिल्दा में गोलू कैवर्त्य प्रदेश मीडिया प्रभारी भाजपा मछुआरा प्रकोष्ठ के घर में विराजमान श्री हनुमानजी से भव्य कलश शोभायात्रा भजन कीर्तन के साथ निकाली गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ हनुमानजी के दर्शन करने के लिए पहुंचे। गीत संगीतकार भी अपनी मानस टोलियों के साथ पहुंच कर श्रद्धालुओं को कृतार्थ किये। श्री कैवर्त्य में इस वर्ष भी श्री संकट मोचन के जन्मोत्सव को हर्षित और उत्साह भाव से मनाया गया। हनुमंत कथा वाचक डोंगिपानी से श्री वीर बाबा अपनी मानस टोली के साथ पहुंचे थे। इसके अलावा जय मां महामाया कीर्तन मण्डली डोंगरा, हुसैन वर्मा रामायण गायन टोली डोंगरा की बेहतरीन और मनमोहक प्रस्तुति से श्रद्धालुओं में भक्ति भाव का अदभुत भक्ति भाव का आनंद उमड़ पड़ा। श्री हनुमानजी के जन्मोत्सव पर श्री कैवर्त्य के यहाँ दूर दूर से श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी थी।



## हनुमान जयंती पर नगर में हुआ भंडारा



पलारी। हनुमान जयंती पर नगर पंचायत पलारी के गांधी चौक में श्री बागेश्वर धाम जनसेवा समिति द्वारा भव्य भंडारा एवं प्रसादी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र भर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए और श्रद्धा भाव से प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष यशवर्धन 'मोनू' वर्मा रहे। उन्होंने अपने संबोधन में भगवान हनुमान के आदर्शों भक्ति, शक्ति और सेवा को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन समाज में एकता, भाईचारे और सेवा भावना को मजबूत करते हैं। पूरे कार्यक्रम के दौरान भक्ति का माहौल बना रहा। हनुमानजी के जयकारों से गांधी चौक गूंज उठा। समिति के सदस्यों एवं कार्यकर्ताओं ने पूरे उत्साह और समर्पण के साथ श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की तथा व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित बनाए रखा। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बना, बल्कि समाज सेवा और जनकल्याण की भावना को भी सशक्त करने वाला साबित हुआ। इस अवसर पर मुख्य रूप से पार्षद भूषण ठेठवार, देवेन्द्र बंटी वर्मा, पार्षद प्रतिनिधि भोला वर्मा, कृष्णा देवांगन, योगेश योगी वर्मा, प्रमोद देवांगन, प्रथम एल्डरमैन राधेश्याम वर्मा, समिति से सदस्य मनोज वर्मा, राजेश वर्मा, कमलेश वर्मा, महेन्द्र वर्मा, शेषनारायण वर्मा, धनंजय सोनी, हेमन्त वर्मा, महेन्द्र यादव, मोंटू वर्मा, सागर वर्मा, गणेश वर्मा, किशोर वर्मा, जितेन्द्र वर्मा, जितेन्द्र साहू, जयप्रकाश वर्मा, राहुल वर्मा, तोमन कन्नौजे एवं भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## हनुमान जन्मोत्सव पर प्रसादी का वितरण

पलारी। नगर सहित समूचे अंचल में गुरुवार को हनुमान जन्मोत्सव पर सुबह से ही हनुमान मंदिरों में प्रभु राम के अनन्य भक्त भगवान हनुमान के भजन से गूंज उठा। पश्चात हनुमान चालीसा पाठ किया गया। इस दौरान हनुमान मंदिर में विराजे भगवान बजरंगबली को चमेली के तेल और बंदन का लेप लगाया गया तथा विधि विधान से पूजा अर्चना कर अंचल में संकट हरने की कामना की गई। नगर के पंचाभिमुख मंदिर में सुबह से ही भजन कीर्तन का आयोजन कर प्रसादी वितरण किया गया। वहीं नगर सहित अंचल के मंदिर के हलवा प्रसाद सहित जगह-जगह खीर, पूरी, प्रसाद का वितरण किया गया।



# भागवत कथा में श्रीकृष्ण रुक्मिणी विवाह के प्रसंग की प्रस्तुति



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बगबुड़ा

ग्राम पंचायत अहिल्दा में संस्कार सामजिक संगठन एवं ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसमें क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। पूरा पंडाल श्रद्धालुओं से भर गया है।

गुरुवार को कथा वाचिका देवी जया गौतम ने महारासलीला व रुक्मिणी विवाह का वर्णन किया। कथावाचक जया गौतम ने कहा कि गोपियों ने भगवान श्रीकृष्ण से उन्हें पति रूप में पाने की इच्छा प्रकट की। भगवान श्रीकृष्ण ने गोपियों की इस कामना को पूरी करने का वचन दिया।

अपने वचन को पूरा करने के लिए भगवान ने महारास का आयोजन किया। इसके लिए शरद पूर्णिमा की रात को यमुना तट पर गोपियों को मिलने के लिए कहा गया। सभी गोपियां सज-धजकर नियत समय पर यमुना तट पर पहुंच गईं। कृष्ण की बांसुरी की धुन सुनकर सभी गोपियां अपनी सुध-बुध खोकर कृष्ण के पास पहुंच गईं। उन सभी गोपियों के मन में कृष्ण के नजदीक जाने, उनसे प्रेम करने का भाव तो जागा, लेकिन यह पूरी तरह वासना रहित था। इसके बाद भगवान ने रास आरंभ किया। माना जाता है कि वृंदावन स्थित निधिवन ही वह स्थान है, जहां श्रीकृष्ण ने महारास रचाया था। यहां भगवान ने एक अद्भुत लीला दिखाई थी, जितनी गोपियां उतने ही श्रीकृष्ण के प्रतिरूप प्रकट हो गए।

सभी गोपियों को उनका कृष्ण मिल गया और दिव्य नृत्य व प्रेमानंद शुरू हुआ। कथा वाचिका ने रुक्मिणी विवाह का वर्णन करते हुऐ कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने सभी राजाओं को हराकर विदर्भ की राजकुमारी रुक्मिणी को द्वारका में लाकर उनका विधिपूर्वक पाणिग्रहण किया। मौके पर आयोजक मंडली की ओर से आकर्षक वेश-भूषा में श्रीकृष्ण व रुक्मिणी विवाह की झांकी प्रस्तुत कर विवाह संस्कार की रस्मों को पूरा किया गया। कथा के साथ-साथ भजन संगीत भी प्रस्तुत किया जा रहा। इस सात दिवसीय भागवत कथा का सफल संचालन के लिए आयोजक समिति एवं ग्रामवासियों व सहयोगियों का सराहनीय योगदान मिल रहा।

### ये हुए शामिल

इस मौके पर महरू राम वर्मा, रामायण वर्मा, दाऊलाल साहू, लक्ष्मीनारायण वैष्णव, हेमलाल साहू, जगमोहन साहू ,कृष्णकुमार, कोमल, समारू, फ़रितराम, भरत, प्रहलाद, मिलूसाहु, जीवन साहू एवं आयोजक समिति का सदस्यों में छबि राम साहू, मैधुराम, नरेश, ओमप्रकाश, महेश, घनश्याम मुकेश, मेष कुमार, विजय यादव, रतनलाल। राजकपूर, शिव साहू, मूलचंद, चंद्रविजय, अरुणकुमार, गिरीश, हेमलाल। कमलेश, रामेश्वर, अनिल, गजकुमार, द्वारिका, रामायण, जोगेश, डोलाराम, राजेश, गोपीचंद, पुसरंजन, छन्नू, गोविन्दजान, जितेंद्र, रामकुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप

### मुंडा में भागवत कथा कल से



**मुंडा।** आदर्श ग्राम पंचायत मुंडा उत्तम वर्मा निवास में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया है । कथा वाचक गुरु महाराज प्रकाश दास व उपरोहित विजय पांडे, परायणकर्ता सुजल दास वैष्णव होंगे। कथा दोपहर 3 बजे से प्रभु कृपा तक होगी। प्रथम दिवस 4 अप्रैल शनिवार को गांव की मातृ शक्ति व लड़कियां शामिल होकर भव्य कलश यात्रा निकाली जावेगी और पूजा अर्चना कर कथा का शुभारंभ किया जावेगा। 5 अप्रैल परीक्षित जन्म सती चरित्र, 6 अप्रैल ध्रुव चरित्र जड़ भरत कथा, 7 अप्रैल श्री राम जन्म श्री कृष्ण जन्म, 8 अप्रैल पूतना उद्धार बाल लीला, 9 अप्रैल रामलीला रुक्मणी विवाह कंस वध, 10 अप्रैल सुदामा चरित्र परीक्षित मोक्ष कथा विश्राम, 11 अप्रैल तुलसी वर्षा सहस्त्रधारा ब्राह्मण भोजन पूर्ण हूति प्रसादी वितरण किया जाएगा।

### देवरतिल्दा में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन



**खरोरा।** पं. श्री तोरण महाराज शर्मा द्वारा श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया गया है। महाराज जी अपने मुख वाणी से कथा का रसपान करते हुऐ कहते हैं कि श्रीमद्भागवत कथा भगवान श्रीकृष्ण को समर्पित हिंदू धर्म का एक अत्यंत पवित्र और पावन ग्रंथ है, जिसे 18 पुराणों में सर्वश्रेष्ठ माना जाता है। यह सात दिवसीय अनुष्ठान ज्ञान, भक्ति और वैराग्य का अनूठा मिश्रण है। जो मन को शांति और आत्मा को परमात्मा से जोड़ता है। इस कथा को सुनने से जन्म-जन्मांतर के पाप धुल जाते हैं, जिसके आयोजक चंद्रहास वर्मा, द्रोपती वर्मा, डोमार सिंह वर्मा, अभिज्ञान वर्मा व विशेष सहयोगी टामन वर्मा, तिलक वर्मा, शिवकुमार वर्मा, अजय वर्मा, किशोर साहू, अशोक धीवर, लीलाधार साहू ग्रामीण अध्यक्ष साहू समाज देवतिल्दा, तोलेंद्र साहू मीडिया प्रभारी और सभी श्रद्धालुगण शामिल हो रहे हैं।

### अर्थदंड और बस्ती से अलग करने की धमकी आठ के विरूद्ध जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम बरेकेलकला में पंचायत चुनाव प्रचार की बात को लेकर दो व्यक्तियों को बस्ती से अलग करने की धमकी देकर 25-25 हजार रुपए अर्थदंड देने संबंधी दबाव बनाने संबंधी शिकायत आवेदन की जांच के बाद पटेवा पुलिस ने आठ लोगों के विरूद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि आवेदक उकेश चक्रधारी व लक्ष्मीनारायण चक्रधारी निवासी ग्राम बरेकेल कला थाना पटेवा द्वारा पंचायत चुनाव की बात को लेकर आरोपी दशरथ दीवान प्रहलाद दीवान प्रकाश चंद्राकर कुबेर चक्रधारी भुवन दीवान विजय गुप्ता दुकालू चक्रधारी, विष्णु दीवान के विरूद्ध बस्ती से अलग कर 25-25 हजार अर्थदंड करने व अर्थदंड देने दबाव बनाने संबंधी शिकायत आवेदन प्रस्तुत किया गया था। जिसकी जांच के पुलिस ने पटेवा थाने में उक्त आरोपियों के विरूद्ध धारा 308(3) 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## निधन

### आशाराम ध्रुव



**रिसदा।** ग्राम दशरमा निवासी आशाराम ध्रुव 58 वर्ष का निधन बुधवार हो गया। वे भारतीय जनता पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ता रहे। वर्तमान में सहकारी समिति दशरमा के अध्यक्ष थे। उनके आकस्मिक मृत्यु पर गांव में शोक की लहर है। उनके अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या चित-परिचित सहित रिश्तेदार एवं ग्रामवासी शामिल हुए।

## नगर के हनुमान मंदिरों हुआ भंडारा प्रसादी का वितरण

**भाटपारा।** हनुमान जयंती पर श्री दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर, महावीर धर्मशाला, जेसीस कान्वेंट स्कूल प्रांगण में हनुमानजी की झांकी सजाई गई और भंडारा प्रसादी का आयोजन किया गया, जिसमें भक्तों ने आनंद के साथ अपनी सहभागिता दिखाई। भंडारे में विधायक इंद्र साव एवं नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा उपस्थित हुए। आयोजित भंडारे में लगभग साढ़े तीन हजार लोगों ने प्रसादी का आनंद उठाया। मंदिर के पुजारी पं. प्रकाश ओझा सुबह से लेकर देर शाम तक बालाजी महराज के दर्शन के लिए पहुंचे। श्रद्धालु भक्तों से पूजा अर्चना करा प्रसाद वितरण किया एवं मंदिर समिति के लोगों ने इस आयोजन के लिए सभी के सहयोग के धन्यवाद किया। इसके अलावा अवरेठीपारा स्थित बड़े हनुमान मंदिर, पटपर स्थित हनुमान मंदिर के अलावा अन्य हनुमान मंदिरों में पूजा अर्चना प्रसादी का आयोजन किया गया। स्टेशन रोड स्थित कुली हनुमान मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई, जो शहर के मुख्य मार्गों से होते मण्डीश्वर महादेव मंदिर में समापन हुआ। वहीं आग्रोहा ट्रेडर्स में सुन्दरकाण्ड का पाठ हुआ। उसके पश्चात भंडारा प्रसादी का आयोजन किया गया, जहां बडी संख्या में लोगों ने भंडारा प्रसादी ग्रहण किया।





**पर्व : चैत राई मेला व हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन, जगह-जगह हुआ भंडारा का आयोजन**

# हनुमान जन्मोत्सव की धूम, उमड़ा आस्था का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ भटगांव

नगर भटगांव में हनुमान जन्मोत्सव व नगर से लगे ग्राम देवसागर में चैत राई मेला का आयोजन हुआ। पहाड़ों में विराजी मां हिंगलाज के दर्शन के लिए लोग दूर-दूर से पहुंचे। इस मेल में लाखों की संख्या में लोग दर्शन लाभ के लिए पहुंचते हैं। यहां शासन प्रशासन द्वारा भारी पुलिस बल तैनात किया गया व स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी भी यहां लोगों की सेवा में मौजूद रहे। मां हिंगलाज की ख्याति दूर-दूर तक फैली है। नगर भटगांव के साथ-साथ पूरे क्षेत्र के ग्रामों में मेला देखने के लिए हर किसी के घर मेहमानों से भरा रहता है। मां हिंगलाज के दर्शन कर जो भी मनोकामनाएं रहती हैं वह पूरी होती हैं इसलिए भटगांव क्षेत्र के



लोग चाहे भारत के किसी भी कोने में रहे हनुमान जयंती के दिन देवसागर में चैत राई मेला देखने जरूर आते हैं। और मां हिंगलाज की आशीर्वाद प्राप्त करते हैं यह एक दिवसी मेला है जो सुबह से लेकर शाम तक चलती है। इस मेल में सेवादार रमाकांत पांडे, गुड्डा साहू व डॉक्टर रोशन देवांगन के द्वारा ठंडा पानी की व्यवस्था श्रद्धालुओं के लिए व मेला आने वालों के लिए दिनभर रहती है। इस मेले में क्षेत्र के दुकानदार भी अपनी सभी प्रकार की दुकानें सजाये रखते हैं, जिसमें खिलौना, झूला इत्यादि दुकानों से परिपूर्ण मेला रहता है। नगर भटगांव में हनुमान जन्मोत्सव पर जगह-जगह सुंदरकांड का पाठ, हनुमान चालीसा का आयोजन दिन भर चलता रहा और रात में भी रामायण प्रेमियों एवं हनुमान भक्तों द्वारा छोटे-छोटे कार्यक्रम जगह-जगह रखी गई। वीर हनुमान के भक्त दीपक साहू, गुरु शरण केसरवानी, राहुल साहू, तरुण देवांगन द्वारा सुबह से ही खीर पूरी छोले का बस स्टैंड में स्टाल लगाकर वितरण किया गया। वहीं संकट मोचन सेवा समिति भटगांव द्वारा हनुमान जन्मोत्सव की अवसर पर सुंदरकांड पाठ एवं भंडारा का आयोजन गायत्री मंदिर के सामने दादा भगत सिंह परिसर में किया गया





## पेंशनरों ने किया विविध आयोजन

**भाटापारा।** छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ भाटापारा के तत्वावधान में श्री हनुमान प्राकटोत्सव पर सुभाष बाजार स्थित पेंशनर भवन में पेंशनरों द्वारा विविध आयोजन किए गए। संघ के अध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद पटेल के साथ उपस्थित सभी पेंशनरों ने विधिवत मंत्र के साथ श्री हनुमानजी का पूजन कर सुंदरकांड का पाठ किया। भवन में दानदाताओं द्वारा प्रदत्त समुचित साधनों का सदुपयोग करते हुए पवित्र आसनों पर बैठकर कार्यक्रम को पेंशनरों द्वारा गरिमा प्रदान किया गया, जिसमें सर्वश्री सेवाराम वर्मा,बाबूलाल



निषाद, रघुनाथ प्रसाद पटेल, रमेश कुमार वर्मा, सुरेश कुमार बाजपेई, आसाराम अनंत, गिरधारी लाल वर्मा, कमल नारायण यदु ,हरिराम वर्मा, सेवक दास मानिकपुरी, कृष्ण कुमार वर्मा, भरतलाल साहू एवं रामू यादव आदि हमेशा सक्रिय रहने वाले पेंशनरों ने सुंदरकांडपाठ, आरती आदि में उत्साह के साथ भाग लेते हुए राम भक्त श्री हनुमान जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। ज्ञात हो कि भवन में प्रारंभ से ही श्री बजरंगबली की तस्वीर प्रतिष्ठित है। प्रति मंगलवार को पेंशनरों के द्वारा सुंदरकांड का पाठ किया जा रहा है।

## नगर में हनुमान जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनी

**खरोरा।** नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में हनुमान जयंती का पर्व श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाई गई। संकट मोचन हनुमान जी के जन्मोत्सव पर पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूबा नजर आया। सुबह से ही हनुमान मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं, जहां भक्तों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर बजरंगबली का आशीर्वाद प्राप्त किया। हिंदू पंचांग के अनुसार चैत्र मास की पूर्णिमा तिथि को हनुमान जी का जन्म हुआ था। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार भगवान शिव ने रुद्र अवतार के रूप में माता अंजना और वानरराज केसरी के यहां जन्म लिया। इस अवसर पर नगर के प्रमुख मंदिरों सहित ग्रामीण क्षेत्रों के देवालयों को विशेष रूप से सजाया गया। मंदिरों में भजन-कीर्तन, सुंदरकांड पाठ, हनुमान चालीसा, हवन-पूजन, महाआरती और छप्पन



भोग का आयोजन किया गया। कई स्थानों पर विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। जय श्रीराम और जय हनुमान के जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। नगर के प्रमुख मंदिरों जैसे श्री बालाजी दरबार (रायपुर रोड), दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर मुरा, पुराना थाना हनुमान मंदिर और मिडिल स्कूल परिसर स्थित हनुमान मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की गई। ज्योतिषीय दृष्टि से भी इस बार का हनुमान जन्मोत्सव विशेष माना जा रहा है। पं. धनंजय शर्मा ने बताया कि इस दिन विशेष रूप से चमेली के तेल का दीपक जलाना, पीपल के पत्ते पर 'राम' लिखकर अर्पित करना, सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का पाठ करने से सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है।



### अंचल में मनाई गई हनुमान जयंती

भवानीपुर। क्षेत्र के ग्राम भवानीपुर, खपरी, रीवाडीह, भरुवाडीह, हरिनभट्ठ, सहाड़ा, वटगन, रीवाडीह, बम्हनी, दतरेंगी साहित्य विभिन्न स्थानों में भगवान हनुमान की पूजा अर्चना की गई। प्रातः काल उठकर स्नान कर पूजा की थाली सजाकर छोटे-छोटे बच्चे एवं बुजुर्ग मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना कर अपने परिवार एवं गांव की खुशहाली की कामना करते पूजा किया। विभिन्न स्थान में संयुक्त टीम बनाकर हनुमान चालीसा का पाठ भी किया गया। रामचरित्र कथा एवं संगीतमय कीर्तन भजन कभी आयोजन रखा गया व कीर्तन मडली द्वारा गांव में भ्रमण करते हुए श्री राम जय राम जय जयराम मदार मृदंग की धुन पर सुनने व दखने को मिला और छोटे-छोटे बच्चों भगवान हनुमान जी के वेशभूषा में सजे हुए थे, जो आकर्षण का केंद्र बना हुआ था। पं. रघुवरदास वैष्णो द्वारा भगवान हनुमान मंदिर में विधि विधान पूर्व के पूजा अर्चना की और फूलमाला से मंदिर को सजाया।

### हनुमान जयंती पर प्रसाद का वितरण

**हिरमी-रावन।** भालूकोना स्थित चितावर धाम में हनुमान जयंती पर प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए और भगवान हनुमान की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः काल मंदिर में विधि-विधान से पूजा, आरती और हनुमान चालीसा पाठ के साथ हुई। इसके बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण सनत सेठ एवं दीनबंधु यादव द्वारा किया गया। इस दौरान मंदिर परिसर में भक्ति का वातावरण बना रहा। जगह-जगह जय श्री राम और जय हनुमान के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। आयोजकों द्वारा व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित की गई, जिससे किसी प्रकार की अव्यवस्था नहीं हुई। कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीणों और भक्तों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। उपस्थित श्रद्धालुओं ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से समाज में एकता, भाईचारा और धार्मिक आस्था को मजबूती मिलती है। अंत में आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।



### नगर एवं अचंल में मनी हनुमान जयंती

**सिमगा।** नगर के पुराना बस स्टैंड में स्थित हनुमान मंदिर सरोपी तालाब स्थित चिंताहरण हनुमान मंदिर, थाना प्रांगण स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर सहित विभिन्न स्थानों पर विराजमान भगवान बजरंगबली के मंदिरों में मारुति नंदन की विधि विधान के साथ पूजा-अर्चना की गई। मंदिर समितियों द्वारा श्रद्धालुओं के लिए भंडारा शरबत वितरण कार्यक्रम रखा गया था। मंदिरों में विविध वाद्य यंत्रों की थाप पर भक्तजन हनुमान चालीसा, रामचरित मानस बजरंग पाठ की स्तुति कर नगर एवं अंचल में सुख समृद्धि कामना लेकर प्रार्थना किए तथा पूजन आरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। हनुमान जयंती कार्यक्रम श्रद्धालु भक्तों के सानिध्य में



## भंडारा में लगी रही भक्तों की भीड़

**अर्जुनी।** अर्जुनी सहित ग्रामीण अंचल में हनुमान जयंती 2 अप्रैल को मनायी गई। मंदिरों को आकर्षक रूप से सजाया गया था। हनुमान गीतों से मंदिर परिसर गूंज रहा था। हर जगहों पर हनुमान के जयकारे लगे। हनुमान जी की वैदिक विधि-विधान से पूजा अर्चना की गई। जगह-जगह भंडारा की व्यवस्था की गईं। लोग भंडारा में पहुंचकर प्रसादी ग्रहण किए। अर्जुनी में बस स्टैंड स्थित हनुमान मंदिर,महालक्ष्मी हार्डवेयर हनुमान मंदिर, सहकारी समिति हनुमान मंदिर, शंकर तालाब हनुमान मंदिर, बाज़ार चौक हनुमान मंदिर, गांधी चौक हनुमान मंदिर, रिसिक प्यूल,सहित अनेको जगहों में पूजा अर्चना के साथ भंडारा की व्यवस्था रही, जहां पर लोग प्रसाद ग्रहण करते रहे। बाजार चौक अर्जुनी में बजरंग इंटरप्राइजेस द्वारा हर वर्ष



हनुमान जयंती पर विशाल भंडारा रखा जाता है, जो इस वर्ष भी विशाल भंडारा रहा, जिसमें लोग अधिक संख्या में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किए।इस दौरान मंदिरों के भंडारा में सोनु नागदेव बजरंग इंटरप्राइजेस, त्रिलोक यादव जनपद प्रतिनिधि, चंदन ध्रुव, कुणाल कश्यप, हेमंत(बिट्टू)वर्मा, दयाराम वर्मा, विकास वर्मा, कुबेर साहू, संदीप वर्मा (ग्राम प्रमुख), चंद्रशेखर वर्मा, रोहित वर्मा, रोम साहू, प्रेम साहू, मालिकराम साहू, छेदूराम साहू, रुपेश साहू, राजा साहू, पप्पू साहू, राजू रजक, रमाकांत वैष्णव, प्रमुख रुप से उपस्थित रहकर इस सेवा के कार्य में सहयोग के भागी बने।

### हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिरों में हुई विशेष पूजा



**सिमगा।** हनुमान जन्मोत्सव पर सरोपी तालाब स्थित चिंताहरण हनुमान मंदिर में सुबह 8 बजे श्रृंगार पूजा एवं आरती किए जाने के बाद दोपहर 12.30 बजे राजभोग एवं आरती के साथ हनुमान चालीसा का पाठ हुआ। पुरुष रामायण मंडली द्वारा रामायण पाठ सुंदरकांड का पाठ किया गया। दोपहर 2 बजे महाभंडारा प्रारम्भ किया गया जो शाम 7 बजे तक चला, जिसमे पुलाव, मटर पनीर की सब्जी, टमाटर की चटनी, मिर्ची भजिया, पुरी, बालू साई ,खीर का प्रसाद वितरण किया गया।दोपहर 3 बजे से महिला रामायण मंडली के द्वारा रामायण पाठ किया गया। शाम 5 बजे श्याम भजन मंडली के द्वारा संगीतमय सुंदरकांड का पाठ एवं भजन कीर्तन किया गया एवं शाम 7.30 बजे महाआरती किया एवं जिसके पश्चात भजन कीर्तन किया गया।

### जयंती पर गूंजे हनुमानजी के भक्ति गीत

**भैंसा।** गुरुवार को हनुमान जयंती उल्लास के साथ मनायी गई। उक्त अवसर पर हवन आरती पूजन का कार्यक्रम हुआ। भक्तों ने भोजन भंडारे का आयोजन किया, जिसमें बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुए।



**राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने जारी किए दिशा-निर्देश**

# लू से बचाव व तैयारी के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने बढ़ती गर्मी और संभावित लू की स्थिति को ध्यान में रखते हुए शासन के निर्देशानुसार लू-तापघात से बचाव एवं आवश्यक तैयारी के लिए अपर कलेक्टर अभिषेक कुमार गुप्ता को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। लू प्रबंधन एवं बचाव के सम्बन्ध में भारत सरकार गृहमंत्रालय, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा आवश्यक तैयारी एवं बचाव के सम्बन्ध में दिशा निर्देश जारी किया गया है।




इससे सिर में भारीपन और दर्द होना, तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना, चक्कर और उल्टी आना,कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना, शरीर का तापमान अधिक हो जाने के बाद भी पसीने का न आना, अधिक प्यास और पेशाब कम आना, भूख कम लगना, बेहोश होना।

प्रारंभिक सलाह के लिए 104 आरोग्य सेवा केन्द्र से नि शुल्क परामर्श लिया जाते। उल्टी, सर दर्द, तेज बुखार की दशा में निकट के अस्पताल अथवा स्वास्थ्य केन्द्र से जरूरी सप्ताह लिया जाये। बुखार पीड़ति व्यक्ति के सर पर ठण्डे पानी की पट्टी लगायें। अधिक पानी व पेय पदार्थ पिलायें जैसे कच्चे आम का पना, जल जीरा आदि। पीड़ति व्यक्ति को पये के नीचे हया में लिटा देये। शरीर पर ठण्डे पानी का छिड़काव करते रहे। पीड़ति व्यक्ति को यथाशीघ्र किसी नजदीकी चिकित्सा केन्द्र में उपचार हेतु ले जावे। मितानिन, एएनएम से ओआरएस के पैकेट हेतु संपर्क करें।

### तेज धूप और पानी की कमी से होता है

लू लगने का प्रमुख कारण तेज धूप और गर्मी में ज्यादा देर तक रहने के कारण शरीर में पानी और खनिज मुख्यतः नमक की कमी हो जाना होता है। इससे बचाव के लिये बहुत अनिवार्य न हो तो घर से बाहर ना जाये। धूप में निकलने से पहले सर व कानों को कपड़े से अच्छी तरह से बाथ ले। पानी अधिक मात्रा में पीये। अधिक समय तक धूप में न रहे। गर्मी के दौरान नरन मुलायम सूती कपड़े पहनने चाहिए ताकि हवा और कपडे पसीने को सोहाते रहे। अधिक पसीना आने की स्थिति में ओआरएस घोल पीये। चक्कर आने, उल्टी आने पर छायादार स्थान पर विश्राम करे तथा शीतल पेय जल अथवा उपलब्ध हो तो फल का रस, लस्सी, मठा आदि का सेवन करे।

